Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 228 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 4 मार्च 2024

किशोर दा को आदर्श मानने...पेज-3 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने पलटा पुराना फैसला

## वोट के बदले नोट मामले में नहीं मिलेगी राहत

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में सांसदों-विधायकों को आपराधिक मुकदमे से छूट देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती।

सांसदों और विधायकों को वोट के बदले रिश्वत लेने के मामले में मुकदमे से मिली राहत छिन सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस छूट पर अपनी असहमति जताई है और साल 1998 में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में सांसदों-विधायकों को आपराधिक मुकदमे से छूट देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के अलावा संविधान पीठ में जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे। फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है।



### सुप्रीम कोर्ट फैसले पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में फैसले का स्वागत किया और लिखा स्वागतम! माननीय सुप्रीम कोर्ट का एक अच्छा फैसला, जो बेदाग राजनीति और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को पुख्ता करेगा।

### मौसम का मिजाज



दोपहर बाद हल्द्वानी में फिर बादलों से धूप-छांव की अठखेलियों का सुंदर दृष्य। - फोटो साभार: आदित्य कुमार

## ऊंची चोटियों में हिमपात के साथ जमकर गिरे ओले

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर की ऊंची चोटियों में बर्फबारी की उम्मीद देर रात पूरी हुई। जमकर ओले गिरे और ऊंची चोटियां की सफेद चादर में ढक गई। मौसम बदलने से नगर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने नगर की ऊंची चौटियों बर्फबारी की संभावना जताई थी, जो रविवार देर रात सही साबित हुई। अलबत्ता नगर में जमकर ओले गिरे हैं। ओलावृष्टि से सड़के सफेद हो गई। रात लगभग एक बजे से ओले गिरने शुरू हुए।

ओलावृष्टि का क्रम लगभग आधा घंटा रहा। वहीं ऊंची नायनपीक समेत कई अन्य चोटियों में हिमपात हुआ। इससे पूर्व रविवार दिन में हिमकण व ओलों गिरे। दिन में रुक रुक कर हल्का पानी बरसता रहा, और अंधेरा होने के बाद तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम बदलने से नगर में फिर कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। जिसका सामान्य जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है। लोगों को पूरे दिन हीटर का सहारा लेना पड़ा। मौसम विभाग के राज्य निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार सोमवार से मौसम में बदलाव आएगा।

जी आई सी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में बरसा 50 मिमी हुई है। नगर का अधिकतम तापमान 15 व न्यूनतम दो डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 100 व न्यूनतम 70 प्रतिशत रही। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक झील के जलस्तर में सुधार आया है, जो 5.4 फीट जा पहुचा है।

### सड़कों फिसलन बढ़ी

नगर में बीती रात हुई ओलावृष्टि से नगर के ऊंचाई वाले मार्गों में फिसलन बढ़ गई है। उच्च क्षेत्रों के कुछ मार्ग में वाहनों की आवाजाही सुबह के समय बाधित रही। जिसमें अधिकांश में दोपहर में आवागमन शुरू हो सका।

### News कॉर्नर

#### मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** सुरक्षा मुख्यालय में तैनात पुलिसकर्मी के सीयूजी नंबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। मामले में महानगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। धमकी भरी कॉल सुरक्षा मुख्यालय में तैनात पुलिसकर्मी के सीयूजी नंबर पर की गई थी। मामले की जांच की जा रही है। यह पहला मौका नहीं है जब सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी गई है।

## रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी, 34 यात्री थे सवार, मची चीख पुकार

**श्रीनगर गढ़वाल/देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

34 सवारियों को लेकर चंडीगढ़ से श्रीनगर आ रही रोडवेड अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आठ यात्रियों को चोट आई है। नेशनल हाईवे चंडीगढ़ से आ रही एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर देवप्रयाग बछेलीखाल के समीप हाईवे पर पलट गई। हादसा होते ही बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची देवप्रयाग पुलिस ने राहत-बचाव का कार्य शुरू किया।



बस हादसे में आठ यात्रियों को हल्की चोटें आई है। जिन्हें रेलवे के वाहन से सीएचसी देवप्रयाग भर्ती किया गया। बस में कुल 34 यात्री सवार थे। सभी यात्री चंडीगढ़ से श्रीनगर आ रहे थे। देवप्रयाग थाना प्रभारी महिपाल रावत ने बताया कि बस में कुल 34 यात्री सवार थे, जिसमें आठ यात्रियों को चोटें आई हैं।




# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के हरमिटेज में आयोजित किए जा रहे सतत विकास के लिए कृषि, जैविक और एप्लाइड विज्ञान में वर्तमान दृष्टिकोण विषयक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का रविवार को समापन हो गया।

इससे पूर्व तृतीय दिवस यानी रविवार की शुरुआत अंतिम सत्र से हुई जिसमें कृषि एवं पर्यावरण विकास हेतु प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। सत्र के मुख्य वक्ता डा0 संजय कुमार झा सचिव एईडीएस ने फसलों पर बढ़ते आपत्तिजनक खरपतवार के प्रकोप और मशरुम उत्पादन जैसे लाभदायक आयामों पर प्रकाश डाला साथ ही समारोह मौजूद अन्य प्रतिभागियों ने अपनी मौखिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रो. जीत राम, डॉ. छत्रपाल, मुख्य अतिथि डा.चंद्रगिरी चरेलु, डा. संजय कुमार झा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हंगरी से आए प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक डॉ. लास्लो राडोक्सए डॉ. गाबोर तारकोली एवं डॉ. सुषना द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में करीब 125 प्रतिभागियों ने अपनी मौखिक प्रस्तुति दी वहीं 45 प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रस्तुति कर प्रतिभाग किया।

तीन दिनी सेमीनार में अपने उत्कृष्ट शोध प्रदर्शन के लिए डा. नंदन सिंह, डा. जावेद इकबाल, डा. कीर्ति नगरकोटी तथा डा मैत्री को सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रदर्शन एवं कीर्ति तनेजा, कुमारी लेपचा, कुमारी तोशिबा व श्रीमान रेहान को द्वितीय एवं डा. वेद प्रिया, डा. संजय तथा कुमारी खिहाम को तृतीय मौखिक प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रदर्शन के लिए शिल्पा, स्वाति जोशी तथा को पुरस्कृत किया गया, साथ ही अनुज कुमार सिंह, सृजना बिश्वास, मोनिका तथा चंद्रप्रभा को भी पोस्टर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला।

समापन के अन्तिम क्षणों में विशिष्ट अतिथि डा0 लासालो रेडोक्ज ने सभागार को संबोधित करते हुए समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं आयोजनकर्ता को सराहा साथ ही हंगरी में आयोजित किए जाने वाले आगामी सम्मेलनों के लिए भी स्वागत किया। काठमांडू से आए डा0 संजय कुमार झा ने भी तीन दिवसीय कार्यक्रम कि सफलता एवं उसमे हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं से निकले निष्कर्षो के लिए बधाई दी। सम्मेलन के सूत्रधार एवं संचालक प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी गणमान्य अतिथियों, देशभर से आए प्रतिभागियों तथा एग्रो एनवायरनमेंट डेवलपमेंट सोसाइटी रामपुर के अध्यक्ष डॉक्टर छत्रपाल व कार्यकर्ता, समस्त कुमाऊं विश्विद्यालय परिवार के प्राध्यापक एवम् स्टाफ तथा मीडिया समेत अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में गीतों के माध्यम से कर रहे जागरूक

**हल्द्वानी।** लोकसभा निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जिले की स्वीप टीम लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। स्वीप टीम के सदस्य गौरीशंकर कांडपाल ने बताया कि लघु फिल्म तथा गीतों के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में मतदाता जागरूकता वाहन व गीतों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डॉ.गुंजन जोशी व मोहन चंद्र जोशी के साथ ही बाल कलाकार प्रणव कांडपाल तथा प्रशांत जोशी के द्वारा तैयार गीतों को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम एवं नगरपालिका के कूड़ा वाहनों से भी जन जागरूकता गीतों के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। प्रत्येक सार्वजनिक स्थान, यूथ फेस्टिवल एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में इन गीतों को युवा मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं तक जागरूक करने के उद्देश्य से पहुंचाया जा रहा है।




# टीवी रिएलिटी शो द एडवेंचर का ऑडिशन हुआ सम्पन्न

**भीमताल**
**हमारे संवाददाता**

रविवार को ए-वन होटल में टीवी रिएलिटी शो द एडवेंचर का ऑडिशन सम्पन्न हुआ। नैनीताल के साथ ही दिल्ली, हल्द्वानी, रामनगर, मुंबई, नागपुर आदि स्थानों पर भी इसके ऑडिशन हुए।

जिसमें कई प्रतिभागियों ने भी प्रतिभाग किया। इसके बाद जितने बच्चे सेलेक्ट होंगे उनका गैंग लीडर के साथ यूपी में स्टूडियो राउंड शूट किया जाएगा। जिसमें गैंग लीडर की भूमिका दिग्विजय सिंह, रिशिका कोहली और बंटी कुंवर निभाएंगे। स्टूडियो राउंड के बाद उत्तराखंड में उनकी जर्नी शुरू होगी जिसमें राफ्टिंग, कैंपिंग आदि टास्क दिए जायेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम के डायरेक्टर राहुल आर्य ने बताया कि डीडीएस प्रोडक्शन की ओर से एक टीवी रिएलिटी शो द एडवेंचर कराया जा रहा है जिसका ऑडिशन आज नैनीताल में हो रहा है। ऑडिशन में जो लोग चयनित होंगे उनका 31 मार्च को गैंग लीडर्स के साथ स्टूडियो राउंड शूट किया जाएगा और फिर अप्रैल माह के अंत तक इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। और इसका टेलिकास्ट एपिसोड वाइज होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले उनकी शार्ट फिल्म क्या हुआ तेरा वादा, रिएलिटी शो और स्टेप फॉर फीचर के चार सीजन ऑनस्क्रीन आ चुके हैं। इस दौरान डायरेक्टर राहुल आर्य, आयुषी, मो. जावेद हुसैन और सम्राट के साथ ही गैंग लीडर्स और टीम मौजूद रही।

# कब्रिस्तान मार्ग निर्माण शासन से 8.14 लाख की धन स्वीकृति हुई

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



मुस्लिम समुदाय से जुड़ी प्रमुख माँग पर तल्लीताल कब्रिस्तान मार्ग की दैनिय जर्जर हालत पर पिछले 5 सालों से लोग परेशान थे, जबकि ये रास्ता कब्रिस्तान के साथ-साथ ब्लाक भीमताल के ग्रामीण अंचलों को भी जोड़ता है।

रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे व ऊबड़-खाबड़ होने से मुस्लिम समुदाय के लोगों को मय्यत की चारपाई ले जाने में गिरने का काफ़ी खतरा बना रहता था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कई बार नगर प्रशासन, जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से मांग की लेकिन किसी ने उनकी मांग पर गौर नहीं किया जिसके बाद उन्होंने अपनी परेशानी से नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी को बताया। ब्रजवासी ने साल भर पूर्व निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तराखंड सचिव एवं उपनिदेशक से मार्ग निर्माण कार्यवाही के प्रस्ताव तैयार करने को जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नैनीताल को निर्देश जारी करवाएं थे। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दीपांकर घिड़ियाल ने उक्त रास्ते के लिए स्टीमेट तैयार करने के लिए परियोजना प्रबंधक उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम हल्द्वानी को पत्र जारी किया, परियोजना प्रबंधन जेई शिवराज सिंह ने दस माह पूर्व मौका मुआयना कर पूरे कब्रिस्तान तक सीसी मार्ग, साइड सेफ्टी दीवार आदि की नपाई एवं स्टीमेट तैयार कर विभाग द्वारा शासन को भेजा था जिस पर शासन से दो माह पूर्व 8.14 लाख की धनराशि मुक्त कर दी गई थी, जिस पर विभाग द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है ।

## NEWS / फटाफट

### ओएसिस द वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**हल्द्वानी।** ऊंचापुल कुसुमखेड़ा स्थित एक बैंक्केट हॉल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट सरोज आनंद जोशी, रिटायर्ड प्रिंसिपल जगदीश फर्त्याल स्कूल के डायरेक्टर किशोर गहतोड़ी प्रिंसिपल आशा जोशी, हरिनंदन गहतोड़ी और दयाल पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ओएसिस द वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल आशा जोशी ने वेलकम स्पीच और स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अथिति डॉ. भंडारी ने अभिभावकों में प्री- प्राइमरी स्तर से ही नैतिक मूल्यों के विकास की बात कही। डायरेक्टर किशोर गहतोड़ी ने अथितियें, अभिभावकों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भवानी कार्की और दीक्षा ने किया। यहां सरोज जोशी, किशोर गहतोड़ी, डॉक्टर रूचि भंडारी , दयाल पाण्डेय, स्कूल के सभी शिक्षिकायें और अभिभावक उपस्थित रहे।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**हल्द्वानी।** शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन का संदेश देने के लिए, पुलिस फोर्स ने काठगोदाम और बैलपड़ाव में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। एसओ काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा ने पुरानी चुंगी काठगोदाम, नारीमन चौराहा, नई बस्ती, रेलवे स्टेशन, कोलटेक्स, कैनाल रोड, गायत्री नगर और शीशमहल में थाने के पुलिस बल व आइटीबीपी फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। वहीं पुलिस ने बैलपड़ाव क्षेत्र में चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज के नेतृत्व में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

# चोरी की घटनाओं और खुलासा नहीं होने से गुस्साएं व्यापारियों ने कोतवाली का किया घेराव

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



शहर के मल्लीताल क्षेत्र में चोरी की बढ़ती चोरी की घटनाओं और खुलासा नहीं होने से गुस्साएं व्यापारियों ने रविवार को कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने नारेबाजी कर तत्काल सभी मामलों का खुलासा करने की मांग की।

बता दें कि रविवार को मल्लीताल व्यापार मंडल के बैनर तले तमाम व्यापारी खराब मौसम के बाद भी कोतवाली के सामने एकत्रित हुए। जहां व्यापारियों ने मल्लीताल क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद भी पुलिस द्वारा खुलासा और गिरफ्तारी नहीं किये जाने पर जमकर नारेबाजी की।

व्यापारियों ने कहा कि कोतवाली के समीप ही स्थित बाजार की दुकानों में कई चोरी की घटनाए हो रही हैं। शिकायत के बाद भी आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों का आक्रोश देख कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी वार्ता को पहुंचे। व्यापारियों ने एक सप्ताह के भीतर चोरियों का खुलासा कर आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की, साथ ही चेताया कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल समेत वरिष्ठ व्यापारी नेता गिरिश जोशी, राजेश वर्मा, रईस खान, हेम जोशी, कैलाश मिश्रा, ईश्वर तिवारी, ललित साह समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# 1150 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 1150 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गयी। इसके तहत 900 बच्चों को 27 बूथों में तथा 250 बच्चों को 3 ट्रांजिट बूथों पर पोलियो खुराक पिलाई गई।

इससे पूर्व राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.तरुण कुमार टम्टा तथा वरिष्ठ बाल रोग विशेष डॉ. संजीव खर्कवाल द्वारा रिबन काटकर किया गया। अभियान के तहत पहले रविवार को नगर के 30 बूथों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। अभियान के नोडल ऑफिसर डा. संजीव खर्कवाल ने बताया कि 3927 बच्चों के लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम दिन 1150 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई, ताया कि खराब मौसम को देखते हुए यह संतोषजनक आंकड़ा रहा, डा.खर्कवाल के मुताबिक अभियान के तहत अभ छूट गए बचे हुए 6 दिनों यानी 9 मार्च तक में स्वास्थ्य कर्मी अब घर घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन में फॉर्मेसी ऑफिसर व पोलियो सुपरवाइजर (नैनीताल शहरी क्षेत्र) दिनेश चंद्र पांडे, हेल्थ विजिटर विद्या पांडे समेत आशा वर्कर कमला कुंजवाल तथा दुर्गा टम्टा इत्यादि ने सहयोग दिया।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## पारदर्शिता पर सवाल

*यह हकीकत है कि इलेक्टोरल बॉन्ड से मिले चंदे से कहीं अधिक चुनाव पर खर्च होता है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा निर्धारित की गई है। चुनाव के दौरान सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पर्यवेक्षक तैनात किये जाते हैं। चुनाव के बाद प्रत्याशी निर्वाचन आयोग को हलफनामा पेश करके चुनाव खर्च का विवरण देते हैं। यह सब कवायद औपचारिकता मात्र साबित होती है। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किये गये विवरण से कई गुना खर्च किया जाता है, इसका प्रमाण यह है कि वाहनों की चैकिंग के दौरान करोड़ों रुपये नकद पकड़े जाते हैं, लेकिन उस धन पर कोई भी दावेदारी पेश नहीं करता है।*

राजनीतिक दलों को चुनाव खर्च के लिए चंदा लेना कोई नई बात नहीं है। चुनाव में कालाधन इस्तेमाल होता है, यह आरोप भी लगता रहा है। सरकार ने चुनावी बॉन्ड योजना शुरु की और इसके माध्यम से हजारों करोड़ रुपये मिले। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ सूचना के अधिकार जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक से इलेक्टोरल बॉन्ड का ब्योरा निर्वाचन आयोग को देने को कहा है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरेशी ने टिप्पणी की है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र के लिए बड़ा वरदान है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि चुनावी बॉन्ड को भाजपा ने रिश्वत और कमीशन का जरिया बना दिया था। उधर पूर्व कानून मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने न्यायालय के फैसले का सम्मान तो किया है, साथ ही इलेक्टोरल बॉन्ड को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार ने यह योजना चुनाव के लिए चंदे की व्यवस्था में सुधार के लिए शुरु की थी। सरकार और विपक्ष कभी एकमत नहीं हो सकते हैं। सच यह है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही है, क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड से पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय नागरिकों और घरेलू कंपनियों को बॉन्ड के जरिये दान की अनुमति है। यह एक हजार, 10 हजार, एक लाख, 10 लाख और एक करोड़ रुपये के गुणांक में हो सकता है। यह बॉन्ड नकद में नहीं खरीदे जा सकते और केवाईसी फॉर्म जमा करना होता है। इसीलिए सरकार का तर्क यह है कि कालाधन बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में नहीं मिलता है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की दलीलों को ठुकराते हुए कहा कि कालेधन पर अंकुश लगाने के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड के अलावा भी कई अन्य विकल्प हैं। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार किसी भी विकल्प पर विचार करने की स्थिति में नहीं है। यह हकीकत है कि इलेक्टोरल बॉन्ड से मिले चंदे से कहीं अधिक चुनाव पर खर्च होता है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा निर्धारित की गई है। चुनाव के दौरान सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पर्यवेक्षक तैनात किये जाते हैं। चुनाव के बाद प्रत्याशी निर्वाचन आयोग को हलफनामा पेश करके चुनाव खर्च का विवरण देते हैं। यह सब कवायद औपचारिकता मात्र साबित होती है। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किये गये विवरण से कई गुना खर्च किया जाता है, इसका प्रमाण यह है कि वाहनों की चैकिंग के दौरान करोड़ों रुपये नकद पकड़े जाते हैं, लेकिन उस धन पर कोई भी दावेदारी पेश नहीं करता है। चुनाव के बाद वाहन में सवार लोगों के खिलाफ कार्रवाई का भी कोई उल्लेख नहीं होता है। निर्धारित खर्च की सीमा से एक भी प्रत्याशी शायद सांसद व विधायक नहीं बनता है।

# सरकारी भूमि को बेचने व करोड़ों की ठगी का आरोपी दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना पुलभट्टा पुलिस ने सरकारी भूमि को अपनी बताकर बेचने और करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा भी बरामद किया। पुलिस के मुताबिक अकील अहमद एवं तौफीक अहमद पुत्र तज्जन ग्राम कुरैय्या थाना किच्छा ने 10 नवंबर 23 को तहरीर दी।

तहरीर में बताया कि मो. आरिफ उर्फ बाबू पुत्र मोहब्बत शाह निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकला पुलभट्टा, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शाह निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकलां किच्छा ने सिरौलीकला तहसील किच्छा के खाता सं.02097 के खसरा सं.477 रकबा 0.230080 है., भूमि खाद के गड्ढे में दर्ज सरकारी जमीन को अपनी जमीन बताकर बेचने के नाम पर 39 लाख रूपये ठगी की। इस मामले में बनाम मो. अली आदि पंजीकृत किया गया। जांच एसआई धीरज वर्मा कर रहे। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश व एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ ओपी शर्मा के निर्देशन थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम बनाई गई। एसपी सिटी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद मो. आरिफ उर्फ बाबू निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकला थाना पुलभट्टा को भंगा भिल्लौर बहेडी बॉर्डर से दबोच लिया।



पुलिस ने उसके पास पास से तमंचा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस भी बरामद किया। 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बताया कि उसने मो. अली ने मिलकर भूमि खाद के गड्ढे में दर्ज सरकारी जमीन को अपनी जमीन बता अकील व तौफीक को 39 लाख रूपये की ठगी की थी। लोगो को डराने धमकाने व अपनी सुरक्षा के लिए यह तमंचा व कारतूस अपने पास रखा था। वह भंगा भिल्लौर के रास्ते बरेली को जाने को था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। यहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह का सरगना हाजी अबरार निवासी आवास विकास किच्छा है। अबरार और उसका साला जावेद और सितारगंज निवासी वाहिद मिलकर अवैध कालोनियां काटकर लोगों को स्टांप पर इसी तरह जमीन बेच देते हैं। पूछताछ में लोगों से लगभग चार करोड रुपए की ठगी करने की बात प्रकाश में आई है। टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई धीरज वर्मा, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, दीपक बिष्ट आदि शामिल रहे।

### फरार वांछित की तलाश

पुलिस के मुताबिक इस मामले में वांछित मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शाह निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकलां किच्छा की तलाश कर रही है।

### आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार ठगी के खिलाफ थाना पुलभट्टा के अलावा थाना सितारगंज,हल्द्वानी में धोखाधड़ी के मामले पहै तथा 138 एनआई एक्ट के कई मामले कोर्ट किच्छा में विचाराधीन है।

## चोरी के मोबाइल समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नवीन मंडी स्थल से मोबाइल चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चुराया गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। विनोद राजभर पुत्र स्व. मुसाफिर निवासी ग्राम नसरतपुर बरही थाना बिरनो जिला गाजीपुर हाल निवासी दुकान सी. 20 नवीन मण्डी ने मोबाइल चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर अभियुक्त जावेद निवासी वारसी कॉलोनी शमशान घाट के पास गली नंबर 2 हल्द्वानी को मय चोरी के मोबाइल समेत गिरफ्तार कर लिया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हर्षदीप सरना से बदलकर हर्षदीप सिंह सरना रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे हर्षदीप सिंह सरना नाम से जाना पहचाना जाए। **-हर्षदीप सिंह सरना पुत्र सरदार अमरजीत सिंह सरना, सरना कोठी, भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# वीडियो कॉल कर महिला के साथ 50 हजार रुपए की ठगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में साइबर ठगी के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। आए दिन लोग इसके जाल में बुरी तरह फसते जा रहे हैं और अपनी जमा पूजी से हाथ धो रहे हैं। नगर में एक बार फिर से साइबर ठगी का नया मामला प्रकाश में आया है। इसमें वीडियो कॉल के माध्यम से डरा धमका कर रुपए ऐंठे गए हैं।

बता दें मामला नैनीताल के मल्लीताल स्थित बलरामपुर हाउस के पास रहने वाली महिला के साथ 50 हजार रुपए की ठगी का है। हुआ यह कि महिला का बेटा कांवड़ लेने घर से हरिद्वार गया था। किसी अनजान नंबर से महिला के पास वीडियो कॉल आई और वीडियो कॉल करने वाले ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी।

वीडियो कॉल में महिला से कहा कि तुम्हारा बेटा ने क्राइम किया है। उसे जेल में डाला जा रहा है। महिला ने कहा कि जेल में मत डालो, तभी फर्जी पुलिस की वर्दी पहने युवक ने कहा कि इसके लिए 50 हजार रुपएं ऑनलाइन ट्रांसफर कर दो। क्या नहीं करती महिला अपने बेटे को जेल में बंद होने से बचाने के लिए मल्लीताल स्थित एक बैंक में पहुंच गई और वहां से उसके दिए गए नंबर पर 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफ र कर दिए। जहां से रुपए ट्रांसफर करा उसकी फीस 2000 हजार रु पएं भी दिए कुल मिलाकर महिला ने 52 हजार रुपए अकाउंट से दे दिए गए। बाद में महिला ने अपने बेटे के नंबर पर फोन किया तो बेटे ने कहा में तो हरिद्वार में कावड़ लेने गया हूं। बेटे की बात सुनकर महिला अचंबे में पड़ गई तब उसे ठगी का एहसास हुआ। बता दें कि जल्दबाजी और बिना सोचे समझे किसी को भी ऑनलाइन पैसों की डिमांड करने पर उसके नंबर में पैसा ना डालें। समाजसेवी भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि दिन प्रतिदिन नैनीताल नगर में साइबर ठगी का मामले बढ़ते ही जा रहा हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। साइबर ठगी के नए नए मामले प्रकाश में आ रहे हैं।



बिष्ट ने सभी लोगों से गुजारिश की है कि कोई भी डरा धमका कर ऑनलाइन पैसों की डिमांड करता है तो जल्दबाजी ना करके इसकी छानबीन या फिर उसके नंबर पर स्वयं कॉल कर जांच पड़ताल अवश्य करें, या अपने क्षेत्र के थाने में सूचित करें।

# फिल्मी दुनिया

## किशोर दा को आदर्श मानने वाले वैभव लाएंगे 90 के दौर को वापस




*गायक वैभव गुप्ता को रविवार को इंडियन आइडल 14 का विजेता घोषित किया गया। विजेता बनने के बाद मीडिया से बातें करते हुए वैभव कहते हैं, मुझे अभी कितना अच्छा लग रहा है इस भावना को मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा। कल रात यानि तीन मार्च 2024 को इंडियन आइडल 14 को अपना विजेता मिल गया। कानपुर के वैभव गुप्ता ने इंडियन आइडल 14 की चमचमाती ट्रॉफी और इनाम के 25 लाख रूपये अपने नाम किया। आद्या मिश्रा, अनन्या पाल, पीयूष पंवार, सुभादीप दास, अंजना पद्मनाभन के साथ वैभव भी टॉप पांच प्रतियोगियों शामिल थे। विजेता बनने के बाद वैभव ने अपने फ्यूचर प्लान मीडिया के साथ साझा किया। वैभव अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, 90 का दशक संगीत के लिए सबसे सुरीला दौर रहा है। मैं अपनी गायकी से उसी मिठास को वापस लाना चाहता हूं। आज के युवा किशोर कुमार को फिर से सुनने लगे हैं। संगीत के साथ नए प्रयोग होने लगे हैं। मैं खुश हूं कि मैं इस दौर का हिस्सा हूं।*

### सलमान और रणवीर हैं पसंदीदा

*गायक वैभव गुप्ता को रविवार को इंडियन आइडल 14 का विजेता घोषित किया गया। विजेता बनने के बाद मीडिया से बातें करते हुए वैभव कहते हैं, मुझे अभी कितना अच्छा लग रहा है इस भावना को मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा। मैं अब फिल्मों के लिए गाना चाहता हूं। सलमान और रणवीर मेरे पसंदीदा कलाकार है। मेरा सपना है कि मैं उनके लिए पार्श्व गायन करूं।*

## राजकीय पालीटेक्निक के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राजकीय पालीटेक्निक के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रविवार को अंतिम दिन स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ की। इसके बाद स्वयंसेवियों ने अंगीकृत ग्रामों के आसपास के क्षेत्र मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत रैली के माध्यम से नगरवासियों को राष्ट्र हित के लिए वोट देकर सही प्रतिनिधि चुनने के लिए जागरूक किया साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। बौद्धिक सत्र मे स्वयंसेवियों ने शिविर मे अपने अपने अनुभव सांझा किए तथा जनसमुदाय के हित से जुड़े कार्यक्रमों मे अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का प्रण भी लिया। शिविर में राजनीश भूटानी ने स्वयंसेवियों को आगामी वर्षो में नवाचार कार्यों को करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन नीरज वर्मा, रंजना रावत तथा कविता नेगी द्वारा किया गया। इस दौरान 150 स्वयंसेवियों के साथ बद्री राधिका तथा दीपशंकर भी उपस्थित रहे।



# काठगोदाम डिपो में गिरा छत का प्लास्टर, बाल-बाल बचे कर्मचारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**


बीते दिन हुई झमाझम बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं फलों पर भी इसका असर हुआ है। बारिश से हल्द्वानी में सफाई व्यवस्था की भी पोल खुली। तमाम स्थानों पर पानी नालियों के बजाय सड़कों पर बहता नजर आया। इधर काठगोदाम डिपो में बारिश के कारण कर्मचारियों की जान बाल-बाल बच गई। रोडवेज कर्मियों के अनुसार बीती शाम बारिश के दौरान डिपो के टिकट मशीन वाले कक्ष में एकाएक छत का प्लास्टर गिर गया। वरिष्ठ लिपिक विशन सिंह व सुभाष मिश्रा इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। रोडवेज कर्मियों ने डिपो के जर्जर भवन के जीर्णोद्धार की मांग उठाई। उनका कहना था कि डिपो कार्यालय के तमाम कक्षों की हालत खराब है, कर्मचारी जान हथेली पर रखकर काम करने को विवश हैं। इस बारे में पूर्व में भी रोडवेज प्रबंधन को अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रतीत होता है कि रोडवेज प्रबंधन किसी हादसे के इंतजार में है।





## नैनीताल में सबसे अधिक व रामनगर में कम हुई बारिश

बीते 24 घंटे में जिले में नैनीताल में सबसे अधिक 17.5 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी में 13 एमएम, कौशया कुटौली में 15 एमएम, धारी में 12 एमएम, बेतालघाट में 11 एमएम, कालाढूंगी में 6 एमएम, रामनगर में 2.2 एमएम, मुक्तेश्वर में 10.1 एमएम बारिश हुई।



## News कॉर्नर

### दो सांडों की भिड़ंत, कालोनी में दहशत, भगदड़

**रुद्रपुर।** शहर में खुले आम घूम रहे सांड कब दहशत फैला दें यह कोई नहीं जानता। कई जगहों पर आवारा घूम रहे सांड हादसों को बढ़ावा दे रहे। सोमवार को शहर के वार्ड 25 में की आन्नद बिहार कालोनी में आवारा घूम रहे दो सांड आपस भिड़ गए। आबादी क्षेत्र सांडों के बीच करीब एक घंटे तक जमकर तांडव का खेल चला। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों सांडों को अलग-अलग किया। सांडों की लड़ाई के दौरान कालोनी में दहशत का माहौल बना रहा। कालोनी के रहने वाले अवधेश सिंह चौहान ने बताया कि बड़ी संख्या में सांड कालोनी में घूमते रहते हैं। लोगों का कहना है कि आवारा सांडों को पकड़ने के लिए निगम प्रशासन को कदम उठाने चाहिए।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर मे 90रोगियों ने लिया लाभ



**हल्द्वानी।** काया आयुर्वेद हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्रधानाचार्य डॉ विनय खुल्लर द्वारा अपने आवास केनाल रोड में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का खबर लिखे जाने तक 90 रोगियों द्वारा लाभ उठाया गया।शिविर मे नि:शुल्क शूगर, ब्लड प्रेशर, न्यूरोपेथी, हृदय जाँच ई सी जी, एवं सभी को दवाईया दी गई। शिविर में 30प्रतिशत शूगर एवं ब्लड प्रेशर, 20प्रतिशत गठिया एवं जोड़ो के दर्द, 15प्रतिशत पंचकर्मा रोगी, 20प्रतिशत पेट एवं श्वाश रोगी, 10प्रतिशत शल्य एवं त्वचा रोगी, सामान्य रोगी थे। शिविर में मनीषा,नीरज दुमका, जिया शाहीन का सहयोग रहा।

# रुद्रपुर में पुलिस का फ्लैग मार्च आईटीबीपी के जवान भी शामिल

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस और पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में कोतवाली से शुरू होकर रम्पुरा, भूतबंगला, इंदिरा चौक,सीर गोटिया, खेड़ा कालोनी, किच्छा बाई पास रोड होते हुए कोतवाली पहुंच समाप्त हो गया। एसपी सिटी ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आईटीबीपी की एक कंपनी पहुंच गई है। यहां के अलावा ट्रांजिट कैंप और गदरपुर में भी फ्लैग मार्च होगा। इस दौरान आईपीएस अधिकारी



सीओ निहारिका तोमर,कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह,एसएसआई केसी आर्या,एसआई विकास कुमार, एसआई दीपक जोशी,एसआई महिला नेहा राणा,एसआई दिनेश पंत,एसआई अरविंद बहुगुणा,एएसआई नवीन जोशी, महेंद्र कुमार, गणेश कुमार, कैलाश चंद्र, ममता आर्या, इंदिरा प्रियदर्शिनी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**कसी कमर**

● लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने कसी कमर

# पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वर्ष भर सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ अनफल अरसी वरिष्ठ वैज्ञानिक डीआरडीओ हल्द्वानी, गीतिका जोशी पांडे प्रधानाचार्या डायट , खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ , विद्यालय के प्रबंधक सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनीता, जोशी ,उपप्रधानाचार्य भुवनेश कर्नाटक , समन्वयक संजय सुयाल, विद्यालय की संपूर्ण प्रतियोगिता की समन्वयक शिक्षिका बबीता रावत द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता जोशी ने बच्चों को प्रोत्साहित कर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नेहा जोशी ने किया। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्या अनीता जोशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पुरस्कृत छात्र - छात्राओं को चहुमुखी विकास की दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देकर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने नेशनल बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन किया



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी देहरादून की ओर से आयोजित नेशनल बिजनेस प्लान प्रतियोगिता-2024 में कुविवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

वाणिज्य विभाग के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के तीन विद्यार्थियों ने एक टीम के रूप में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसमें छात्र कृष्णा पाल, वंश साह तथा उदीशा अग्रवाल की इस टीम को इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान मिला है। टीम की इस उपलब्धि पर कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत, कुल सचिव दिनेश चंद्रा, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा, वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी समेत डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी,अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल,डा.रितिशा शर्मा, डा, गौतम रावत, शोध छात्र आस्था अधिकारी, पंकज भट्ट तथा सुबिया नाज व मीनू जोशी आदि ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन पर शोक जताया

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि नैनीताल के रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत की माता पुष्पा रावत(74) का रविवार की सुबह निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थी। वह अपने पीछे पति समेत तीन पुत्रों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें नगर के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

उनके निधन पर महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य, बहादुर सिंह कुँवर, भैरव सिंह समेत उनके शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# रोडवेज के संविदा व विशेष श्रेणी वाले कर्मियों के नियमितीकरण की उठी मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने संविदा, विशेष श्रेणी व दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का नियमितीकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में परिषद के प्रदेश महामंत्री दिनेश पंत ने परिवहन निगम के एमडी आनंद कुमार श्रीवास्तव को पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि निगम में वर्ष 2011 तक के संविदा कर्मियों का विनियमितीकरण हो चुका है लेकिन लंबे समय से इस श्रेणी के कर्मियों का विनियमितीकरण नहीं हो पाया है। बीती 22 फरवरी को उच्च न्यायालय से पारित आदेश से निगम में लंबे समय से सेवा दे रहे संविदा व विशेष श्रेणी वाले कर्मियों में उम्मीद की किरण जगी है। परिषद नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इस संबंध में निगम प्रबंधन ने सकारात्मक कार्रवाई न की तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा।

## रोडवेज इंप्लाइज यूनियन का धरना-प्रदर्शन स्थगित

रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने उप महाप्रबंधक निगम मुख्यालय के आश्वासन के बाद काठगोदाम आरएम आफिस में प्रस्तावित निश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। यह जानकारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने दी। गौरतलब है कि यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने परिचालक पद से कनिष्ठ लिपिक, सहायक कोषाध्यक्ष व कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर प्रोन्नति के उपरांत निगम मुख्यालय से प्राप्त अनुमोदन प्रक्रिया के विरोध में नैनीताल व देहरादून रीजन में धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया था। वर्मा के अनुसार निगम मुख्यालय द्वारा जो देहरादून व टनकपुर मंडल के जो प्रस्ताव अनुमोदित कर प्रेषित किये गये हैं, उनमें कई परिचालकों के नाम अनुमोदित सूची में न होकर उनके नाम पर पृथक से विचार किये जाने की टिप्पणी दी गई है।

# पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट को पुन: प्रत्याशी घोषित करने पर आभार जताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पुन: नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोक सभा का प्रत्याशी घोषित करने पर मंडल नैनीताल के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को मल्लीताल स्थित गोविंद बल्लभ पंत प्रति मूर्ति पर आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण और ढोल नगाड़े बजाकर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा की अबकी बार अजय भट्ट को 5 लाख से अधिक मतों से विजयी बनाया जायेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट समेत सांसद



प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत के अलावा अरविन्द सिंह पडियार, शांति मेहरा,तारा बोरा, लता दफौटी, मीरा बिष्ट, कलावती असवाल, तुलसी कठायत, मीरा बिष्ट, मीनू बुधलाकोटी, ज्योति ढोंढियाल, हेमलता पांडे,गंगा सुपियाल, गजाला कमाल, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत,विवेक साह, रईस खान, मनोज कुमार, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, ललित ढेला,पान सिंह खनी, विश्वकेतु वैध, वीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार, रितुल कुमार, पंकज भट्ट, प्रकाश नौटियाल, पदम सिंह रावतएअजय सिलेलानएकुणाल पवारए दलीप सिंह नेगीए पूरन सिंह मेहरा, नितिन सिंह कार्की, शैलेंद्र सिंह बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।